हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

14 नपाउपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का...



14 वैशाख पूर्णिमा पर गोमती तट पर द्वारकाधीश की हुई...



## खबर संक्षेप

### पड़कीपाली में देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने सोनापुट्टी मोड के पास पड़कीपाली में एक व्यक्ति के कब्जे से शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी मेम्मर नागेश पिता मनीराम नागेश (22 वर्ष) मनबाय बागबाहरा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद के कब्जे से 8 नग देशी प्लेन शराब कीमत 800 रुपए, 1 नग जम्मू स्पेशल विहस्की कीमती 120 रुपए, 1 लीटर महुआ शराब कीमती 100 रुपए कुल कीमत 1020 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### भालू के हमले से एक घायल

**सरायपाली।** तेंदूपत्ता तोड़ाई में जुटे ग्रामीणों को भालुओं का भय बना हुआ है। कुछ दिनों पूर्व ही अमलीडीह निवासी दशरथ सेठ पर 3 भालुओं ने आक्रमण कर बुरी तरह से घायल कर दिया था। वहीं आज एक दूसरी घटना में तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गए ग्राम पंचायत पतेरापाली के सुनील सोना पिता जयदेव को भालू द्वारा हमला किया गया। इसकी सूचना जैसे ही ग्राम पंचायत के सरपंच प्रभात पटेल को हुई, उन्होंने अपने साथ सचिव मुक्तेश्वर मटारी , वनरक्षक राकेश पटेल व ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पहुंचकर गंभीर रूप से घायल सुनील सोना को 112 वाहन में सरायपाली स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। साथ ही वन अधिकारियों को पीड़ित सुनील सोना का प्रकरण बनाये जाने के लिए अनुरोध किया गया। भालू द्वारा पीड़ित सुनील सोना के पीठ पर गंभीर चोट पहुंचा गई है। जंगली जानवरों के हमले ग्रामीणों के ऊपर 2 अवसरों में अधिक होते हैं। महुआ फल व तेंदूपत्ता तोड़ने के सीजन में भालुओं के हमलों का खतरा अधिक होता है।

# फोरलेन के लिए बीटीआई रोड पर जारी है नाप जोख और सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के प्रस्तावित गौरव पथ के लिए पिछले सप्ताह भर से नाप जोख का कार्य जारी है। फोरलेन की जद में आने वाले सड़क के किनारे हुए अतिक्रमण के साथ विद्युत पोल और पेड़ों को भी हटाए जाने की तैयारी है। सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य होगा 10 करोड़ रुपए की लागत से करीब 2.3 किमी तक फोरलेन का निर्माण में सड़क के बीच में डिवाइडर होगा।

मिली जानकारी के अनुसार सड़क की चौड़ाई दोनों ओर साढ़े आठ मीटर होगी। कलेक्टोरेट मार्ग की ओर से सभी शासकीय कार्यालय और आवास होने के कारण सर्वाधिक ज्यादा आवाजाही होती है। प्रतिदिन इस मार्ग से अधिकारी और जनप्रतिनिधि गुजरते हैं। लंबे समय से चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। सड़क चौड़ी होने के साथ ही डिवाइडर बनने से आवागमन सुलभ होगा। जानकारी के मुताबिक चौड़ीकरण का कार्य बरोंडा चौक से लेकर कलेक्ट्रेट आवास के पुल तक किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के ईई चंद्रशेखर चंद्राकर ने बताया कि शीघ्र ही बीटीआई रोड पर कार्य शुरू होगा। वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है।

**गड्ढों से होती है लोगों को परेशानी :** हर बारिश के बाद बीटीआई मार्ग पर गड्ढे हो जाते हैं। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर के विस्तार के साथ ही इस मार्ग पर चहल-पहल बढ़ गई है और आए दिन इस मार्ग पर दुर्घटना भी होती है। खासकर कोर्ट मोड़ के पास दुर्घटना होती है। कहीं सड़क संकरी तो कहीं पर चौड़ी है। जिससे कई जगहों पर जाम भी लग जाता था।

## सड़क की चौड़ाई होगी दोनों ओर साढ़े आठ मीटर, डिवाईडर भी बनेगा

### हटाए जाएंगे अतिक्रमण

निर्माण कार्य शुरू होने से पहले बीटीआई रोड से अतिक्रमण हटाया जाएगा। मार्ग के दोनों ओर दुकानें हैं और कई दुकानदारों ने आगे तक दुकानें बढ़ा ली है। वहीं दूसरी ओर बीटीआई रोड कई जगह संकरा है। जैसे वन विभाग और एक्सिस बैंक के पास मार्ग संकरा है। जिससे लोगों को आने-जाने में भी समस्या होती है।



### नपा को लिखा गया पत्र

सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू होने के पूर्व नगर पालिका को भी पत्र लिखा गया है। नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले पोल और पाइपलाइन प्रभावित होंगे। जब तक पाइपलाइन व पोल हटेंगे नहीं, तब तक कार्य शुरू करने में भी दिक्कत आ सकती है। पूर्व में नगर पालिका द्वारा गौरवपथ का निर्माण प्रस्तावित था। अब लोक निर्माण विभाग निर्माण इस मार्ग को फोरलेन बनाएगा।

**कार्रवाई :** नवागांव के जंगल में आबकारी टीम ने की कार्रवाई

# ओडिशा निर्मित कच्ची शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- राजासेवइया कामाख्या मंदिर जंगल में भी शराब जब्त

जिले के पिथौरा ब्लॉक के ग्राम नवागांव के जंगल से आबकारी टीम ने बड़ी मात्रा में ओडिशा निर्मित कच्ची शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिारी निधीष कोष्ठी ने बताया कि आबकारी वृत्त पिथौरा ने ग्राम नवागांव के जंगल से ओडिशा निर्मित हिरण छाप कच्ची शराब 520 नग की बिक्री करते हुए विक्रय करते हुए आरोपी पुनीत राम यादव (53) नवागांव थाना चौकी बुंदेली जिला महासमुंद और मेघ सिंह पिता सुंदर सिंह जाति सतनामी (53 वर्ष) फिरकी थाना चौकी बुंदेली जिला महासमुंद को गिरफ्तार किया है।





### 135 लीटर कच्ची शराब भी पकड़ाई

आबकारी विभाग ने राजा सेवइयां कामाख्या मंदिर जंगल में अज्ञात आरोपियों द्वारा चढ़ी भट्ठी से 135 लीटर कच्ची शराब एवं 500 किलोग्राम महुआ लहान कीमत 72800 रुपए को जब्त किया है। यह पूरी कार्रवाई आबकारी आयुक्त श्याम धावड़े के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त बसना, सांकरा, वृत्त पिथौरा के समस्त आबकारी स्टाफ की संयुक्त टीम के साथ उपनिरीक्षक मिर्जा जफ़र बेग, दरसराम सोनी, हृदय कुमार तिरपुड़े आरक्षक देवेश मांझी के द्वारा की गई।

# मुंह में टेप बंधी मिली लाश की हुई शिनाख्त ओडिशा के नुआपाड़ा का था मृतक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मृतक ने फार्मेसी की पढ़ाई की, हाल ही में विवाह भी हुआ था

जिले के कोमाखान क्षेत्र के टोंगोपानी के खेत में मिली लाश की शिनाख्त नुआपाड़ा निवासी मानस रंजन त्रिपाठी के के तौर पर हुई है। मृतक ने फार्मेसी की पढ़ाई की और हाल ही में उसका विवाह भी हुआ था। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घर जाकर इलाज करने के काम से वह 8 मई को घर से निकला था। बाद में उसकी मुंह में टेप से बंधी लाश टोंगोपानी अमरैय्या खार के पास मिली। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची और मौका मुआयना प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण हत्या होना प्रतीत होने से साक्ष्य संकलन हेतु वैज्ञानिक अधिकारी फॉरेसिंक मोबाईल यूनिट महासमुंद को घटनास्थल बुलाया। पतासाजी के दौरान 10 मई को थाना नुआपाडा ओडिशा से सूचना मिली कि 8 मई को शाम के समय शिवशक्ति नगर नुआपाडा ओडिशा निवासी मानस रंजन त्रिपाठी पिता मनबोध त्रिपाठी उम्र लगभग 35 वर्ष गुमशदा है, जिसकी सूचना गुमशुदा के पिता के द्वारा 9 मई को थाना नुआपाडा में देने के बाद गुम इंसान दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान हेतु परिजनों को सीएचसी बागबाहरा बुलाया गया, जिस पर शिनाख्ती के लिए आए सरोज कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार त्रिपाठी, अजय कमार तिवारी सभी निवासी ओडिशा को अज्ञात मृतक के शव को दिखाया गया, जिन्होंने मृतक के चेहरे, पहने हुए कपडे.एवं उंगलियों में पहने अंगूठियों को देखकर उसकी पहचान मानस रंजन त्रिपाठी पिता मनबोध त्रिपाठी (उम्र लगभग 35 वर्ष) निवासी शिवशक्ति नगर नुआपाडा ओडिशा के रूप में की। परिजनों ने बताया कि मृतक मानस रंजन त्रिपाठी 8 मई की शाम अपने टीवीएस मोटरसायकल क्र ओडी 26 ए 2064 से दवाईयों को अपने बैग में रखकर इलाज करने ग्राम मौहाभांठा, साल्हेभांठा गया था। मृतक के मोबाईल नंबर में शाम 7.30 बजे तक संपर्क हुआ, उसके बाद संपर्क नहीं होने पर अगले दिन थाना नुआपाडा ओडिशा में जाकर परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के पश्चात शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं मामले में धारा 103(1), 238 क बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है।



## दुर्घटना...



**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में सोमवार को पटेवा थाना क्षेत्र के तोरला पडाव के पास दो ट्रक आपस में टकरा गए। ट्रक में चालक परिचालक सुरक्षित बताए गए हैं।

# रसीले फलों और आम की सुगंध से आकर्षित हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भीषण गर्मी के बीच इन दिनों रसीले फलों का बाजार सजा हुआ है। रसीले फलों से लेकर आम की सुगंध लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। अच्छी आवक के बाद भी फलों की विभिन्न किस्मों के आम दिख रहे हैं। फल व्यापारियों के अनुसार बाजार में तो हर मौसम में सामान्य रूप से फलों की आवक बनी रहती है, लेकिन इन दिनों भीषण गर्मी के बीच रसीले फलों की अच्छी आवक के बाद भी दामों में काफी उछाल है। दरअसल, भारी आवक के बाद भी भारी खपत के चलते यह स्थिति बन रही है।

बाजार में फलों में अंगूर, मौसंबी, संतरा, तरबूज, खरबूजा, केला, सेब, आम, अनानास, नारियल सहित अन्य फलों की लगातार आवक महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश व बेंगलुरु आदि राज्यों से पहुँच रही है। महाराष्ट्र के नासिक से अंगूर की आवक अधिक है। मौसंबी, संतरा नागपुर से, आम आंध्र प्रदेश से और नारियल बेंगलुरु से मंगाए जा रहे हैं। देशी पके आम बाजार में समय से पहले पहुँच गए। वहीं आगामी दिनों में आसपास के क्षेत्रों से देशी आम की आवक भी शुरू होने का अनुमान लगाया जा रहा है। देशी कच्चे आम की आवक बनी हुई है। वहीं अन्य देशी फलों की भी अच्छी आवक से फल बाजार गुलजार है। स्थायी अस्थायी फल दुकानों के अलावा चलती-फिरती फल दुकानों से भी अच्छी खरीदी हो रही है। फल व्यापारी ने बताया कि फलों की आवक बढ़ने के साथ ही फलों की कीमत भी बढ़ी है। इन दिनों लोगों के बीच आम और नारियल की मांग अधिक बताई गई है। फलों के राजा आम की आवक वैसे तो मार्च माह में शुरू हो गई थी, लेकिन इन दिनों आवक बढ़ी है। बताया गया कि मौसम के उतार-चढ़ाव का असर फलों पर भी पड़ा है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में बाजार में आसपास के बाड़ियों से भी तरबूज, खरबूजा, ककड़ी, खीरा बड़ी मात्रा में पहुँचने वाले हैं।



### रसीले फलों की अधिक माँग

क्षेत्र में वैवाहिक आयोजनों के दौरान फलों की माँग लोगों के बीच अधिक थी। फल व्यापारियों ने बताया कि गर्मी में लोगों के बीच रसीले फलों की माँग अधिक बनी हुई है। आम 100 से 120 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है। वहीं अंगूर 150 से 160, सेब 280 से 300 रुपए प्रति किलो, तरबूज 20, खरबूजा 40 से 50, नारियल 70, पपीता 30 - फलों के दाम सामान्य से अधिक हैं।

### गर्मी में बढ़ जाती है परेशानी

फल व्यापारियों की मानें तो अभी आम की आवक कम है, लेकिन लोगों की मांग ज्यादा है। बाकी फलों के दामों में थोड़ा उछाल है। मौसम में बदलाव होने के चलते फलों को रखने में परेशानी होती है, क्योंकि कच्चा माल होने के कारण जल्दी खराब होने से नुकसान उठाना पड़ता है। जरूरत के हिसाब से फलों की बिक्री करते हैं।

### अचारी आम की भी मांग

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अचारी आम की मांग बढ़ गई है। अभी बाजार में 30 से 40 रुपए प्रति किलो है। वहीं आम काटकर देने पर 50 रुपए तक है। उनका कहना है कि इस वर्ष चार-बार बदलते मौसम के साथ आम की फसल भी प्रभावित हुई। अभी स्थानीय आवक नहीं है। कुछ दिनों में दाम में राहत मिलने की उम्मीद जताई है।

**हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया था निरीक्षण, फिर भी व्यवस्था बदहाल**

# सोनोग्राफी के लिए 15 दिन की वेटिंग, जांच के लिए घंटों इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाल ही में जिला मुख्यालय के मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने औचक निरीक्षण किया। लेकिन, यहां की खामियां सुर्खियों में रहने के बाद भी सीएम तक को इसकी भनक नही लगी। उन्हें केवल उन स्थानों में ले जाया गया जहां चाक चौबंद व्यवस्था रही और वे पहुंचे भी ऐसे समय जब बाह्य रोगी जांच का काउंटर बंद हो चुका था।

उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में सोनाग्राफी के लिए 15 दिन की वेटिंग चल रही है। और तो और बीपी, शुगर जैसी जांच की रिपोर्ट लेने भी लोगों को दूसरे दिन आना होता है। इसके बाद भी घंटों इंतजार के बाद ही रिपोर्ट हासिल हो पाती है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा मरीजों का इलाज करने पहले विभिन्न जांच की पर्ची लिखी जाती है। जांच की रिपोर्ट आने में 24 घंटे तो कभी इससे से भी अधिक समय लग जाता है। सामान्य जांच के लिए भी लोगों को 24 घंटे का इंतजार करना होता है और दूर-दराज से आने वाले मरीजों के लिए यह सबसे बड़ी परेशानी का विषय है कि उन्हें सरकारी इलाज के लिए भी रहने और खाने का खर्च कर रिपोर्ट फिर चिकित्सक के परामर्श और फिर दवाओं के लिए कतार लगानी पड़ती है। इसके कारण गंभीर अवस्था में पहुंचने वाले मरीजों के उपचार में भी देरी होती है। एक तरफ सोनोग्राफी कराने के लिए वेटिंग मिलती है, उसके बाद जांच रिपोर्ट मिलने में लोगों काफी इंतजार करना पड़ता है।



### अब तक नहीं मिली सिटी स्कैन की सुविधा

जिला अस्पताल में अब तक सिटी स्कैन की सुविधा नहीं मिल पाई है। केवल कागजों में ही प्रक्रिया चल रही है। जिला अस्पताल प्रबंधन में कलेक्टर को भी पत्र लिखा है, लेकिन इस ओर अब तक कोई प्रयास नहीं हुए हैं। सिटी स्कैन को लेकर एक निजी अस्पताल से भी करार करने को लेकर प्रक्रिया चल रही है, वह भी पेंडिंग है।


**व्यवस्था में सुधार नहीः** दुर्घटना में आने वाले अधिकांश मरीज रायपुर में रेफर कर दिए जाते हैं। कई बार मरीज के परिजन अव्यवस्था देखकर खुद ही रेफर कराने के लिए डॉक्टरों से कह देते हैं। व्यवस्था सुधारने ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बढ़ती जा रही मरीजों की संख्या

मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है और अस्पताल में स्टॉफ की कमी भी है। प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज अस्पताल में पहुंचते हैं। इनमें से कई रक्त की जांच भी कराते हैं। इसके अलावा कई प्रकार की जांच जिला अस्पताल में होती है। इसके अलावा मरीजों व उनके परिजनों को निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है।

### निजी अस्पताल में कुछ घंटों में रिपोर्ट

जांच समय पर नहीं होने के कारण कई मरीज वापस निजी क्लीनिकों और अस्पताल में जाकर जांच कराने पर मजबूर हो जाते हैं। जिससे उन्हें रिपोर्ट कुछ घंटों में ही प्राप्त हो सके। जिला अस्पताल के अधीक्षक बसंत माहेश्वरी ने बताया कि ओपीडी में काफी मरीज आते हैं। स्टॉफ की भी कमी है। इस कारण समय लगता है। सिटी स्कैन के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा गया है।



### शिकारी समेत मांस खाने पहुंचे चार गिरफ्तार

**महासमुंद।** झलप वनपरिक्षेत्र के ग्राम कोलपदर में वन विभाग की टीम ने एक शिकारी समेत वन्यप्राणियों का मांस खाने पहुंचे चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं शिकार में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। वन विभाग सभी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 सह पठित धारा 2(16) (ख), 2(16)(क), 39(3)(क), 39(3)(ग)एवं 48-क के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रहा है। प्रभारी डीएफओ वेंकटेश एमजी ने बताया कि रविवार को वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम कोलपदर मे जंगली सूअर का मांस पका रहे हैं। सूचना पर टीम ग्राम कोलपदर पहुंची और शिकारी भीखम कमार (52) के घर से एक जंगली सुअर का मांस व एक नग नेवला बरामद किया। साथ ही मांस खाने पहुंचे जिवतरा निवासी गंगूराम कमार (27), बल्दाकछार निवासी चमरु कमार (28), कोलपदर निवासी लोभिन कमार (28) को पकड़ा। पूछताछ में मुख्य आरोपी भीखम कमार ने बताया कि शिकार में तीन अन्य जितेंद्र कमार, डाक्टर कमार एवं लव कुमार शामिल थे। उसने बताया कि ग्राम कोलपदर के आसपास वन विकास निगम के जंगल से 10 मई की दोपहर में शिकार किए थे। वन अमला ने मुख्य आरोपी के यहां से 07 नग तीर, 02 नग कमान, 02 टंगिया, 01 नग बसुला, 01 नग तराजू, बाट, 01 नग कत्तल, 01 नग परसुल जब्त किया है।

## खबर संक्षेप

### चित्रकला प्रदर्शनी में 150 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन



**रायपुर।** नूतन कला संगम बूढ़ापारा द्वारा संस्कृति विभाग स्थित कला दीर्घा में दो दिवसीय 11 से 12 मई तक अभिव्यक्ति, चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मूर्ति कलाकार इंद्रा घोष ने रविवार को किया। चित्रकला प्रदर्शनी में कुल 42 कलाकारों द्वारा बनाए गए 150 से अधिक चित्रों का प्रदर्शन किया गया, जिसके अंतर्गत कलाकारों द्वारा पेंसिल, वाटर कलर, ऑयल पेस्टल, सॉफ्ट पेस्टल, एक्रेलिक कलर, ऑयल पेंटिंग, टेक्सचर पेंटिंग एवं कैनवास पर अपनी कला का प्रदर्शन किया गया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कार्टून वॉच पत्रिका के संपादक त्रयंबक शर्मा रहे।

### बसंत विहार कॉलोनी में सुंदरकांड संगीतमय पाठ



**रायपुर।** बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा में श्रीरामचरित मानस सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन स्व. नाथूराम साहू के निवास पर शनिवार को किया गया। इस दौरान जयकुमार यादव ने कहा कि कलयुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है, उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की आराधना है। इसका पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। इसी दौरान स्व. नाथूराम साहू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सुपुत्रों द्वारा सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का आयोजन किया गया। संगीतमय पाठ के बाद आरती व महाप्रसाद का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में मानस मंडली के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में घर के सदस्य एव कॉलोनीवासी शामिल हुए।

### अल्पसंख्य आयोग के अध्यक्ष अमरजीत का सम्मान



**रायपुर।** गुरु अमरदास साहिब के पावन प्रकाश उत्सव पर रविवार को विशेष दीवान रखा गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबड़ा ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा का सम्मान किया। इसके बाद गुरु का लंगर रखा गया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबड़ा, उपाध्यक्ष द्वय इंदरजीत सिंग छाबड़ा, तेजिंदर सिंग होरा, कल्याण सिंग, मनजीत सिंह, कुलजीत सिंह मक्कड़, कुलदीप सिंह, राजा भल्ला, रश्मित सिंग, हरजीत सिंग, इंदरपाल सिंग अजमानी समेत सैकड़ों संगत ने कीर्तन का रसपान किया।

### ज्योत्स्ना को पीएचडी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी भिलाई ने ज्योत्स्ना चौबे को बायोटेक्नोलॉजी में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय आईडेंटिफिकेशन ऑफ बायोमार्कर फॉर डिफरेंटशिएटिंग ओरल कैंसर स्टेज एंड डिजीज प्रोग्रेशन यूजिंग सिस्टम बायोलॉजी अप्रोच रहा। उन्होंने अपना शोधकार्य डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, रायपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तनुश्री चटर्जी के निर्देशन एवं सिस्टम बायोलॉजी इंस्टीट्यूट ऑफ बायोइनफॉर्मेटिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ रास्टॉक, जर्मनी के प्रोफेसर डॉ. ओलफ वोल्कान्होर के सह निर्देशन में पूरा किया।



# 20 साल में सात हजार का सोना हुआ लखटकिया, सौ साल पहले थे महज 18 रुपए दाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सोने ने इतिहास में पहली एक लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। सौ साल पहले 1925 में सोने की कीमत महज 18 रुपए दस ग्राम थी, जो आज एक लाख के पार हो चुकी है। 20 साल में सोने की कीमत सात हजार से एक लाख तक पहुंची है। दस-दस साल में सोने के दाम चार गुना बढ़े हैं। 2005 में सोने की कीमत महज सात हजार रुपए थी, जो 2015 में 26 हजार के पार हुई थी। इसके बाद अब दस साल बाद 2025 में सोने की कीमत एक लाख के पार हुई है। इस साल भी दाम करीब चार गुना बढ़े हैं। सोने की कीमत ने बीते चार साल में सबसे तेज रफ्तार पकड़ी है।

अलग खबर

## दो बार दस-दस साल में चार गुना हो गए दाम

### 2015 के बाद दाम तेजी से बढ़े

सोने की कीमत को 2015 के बाद मानो पर ही लग गए। दस साल में इसके दाम एक बार फिर से करीब चार गुना बढ़े हैं। 26 हजार से 50 हजार तक का सफर तय करने में सोने को 6 साल का समय लगा, लेकिन 50 हजार से एक लाख तक का सफर तय करने में चार साल का ही समय लगा। जो सोना 2021 में 50 हजार था, वह अब एक लाख के पार होकर एक लाख तीन सौ पचास रुपए हो गया है।

### 1980 में पहली बार हजार के पार

सोना आज तो लखपति हो गया है, लेकिन इसको हजारी बनने में 55 साल लग गए थे। सोना जहां पहली बार 1974 में पांच सौ रुपए के पार होकर 506 हुआ था, वहीं 1980 में पहली बार सोने ने हजार का आंकड़ा पार किया और कीमत 1330 रुपए हो गई। इसके बाद सोने को दो हजार तक पहुंचने में महज पांच सालों का ही सफर तय करना पड़ा। 1985 में सोना दो हजार के पार होकर 2130 रुपए हो गया। 1996 में सोना पांच हजार के पार हुआ और कीमत 5160 रुपए हो गई।

### 2005 में सात हजार थे दाम

सोने की कीमत 20 साल पहले 2005 में सात हजार रुपए थी। 2005 से 2015 के बीच के दस साल में सोने के दाम आसमान पर पहुंचे। सोना सात हजार से करीब चार गुना महंगा होकर 26845 रुपए हो गया। इतिहास में यही पहला असवसर था जब दाम इतनी तेजी से बढ़े।

### सोने के दाम 1925 से 2025 तक

1925 में 18.75 रुपए
1935 में 30.81 रुपए
1945 में 62.00 रुपए
1955 में 79.00 रुपए
1965 में 72.00 रुपए
1975 में 540 रुपए
1985 में 2130 रुपए
1995 में 4680 रुपए
2005 में 7000 रुपए
2015 में 26845 रुपए
2025 में 100350 रुपए

चार साल पहले 2021 में सोने की कीमत 50 हजार थी, जो अब डबल होकर एक लाख के पार हो गई है। इतनी तेजी से सोने के दाम इतिहास में कभी नहीं बढ़े। अगर इस साल 2025 की ही बात करें तो इस साल महज चार माह में ही इसके दाम करीब 22 हजार बढ़े हैं।

### 1925 में 18 रुपए थे दाम

सोने के सौ साल का इतिहास देखा जाए तो सोने के दाम 1925 में 18.75 थे। अपने पहले दस साल में इसके दाम 1935 में 30 रुपए तक पहुंचे। इसके बाद 1945 में इसके दाम 62 रुपए थे। आजादी के बाद 1947 में दाम 88.62 रुपए थे। पहली बार सोने ने सौ रुपए का आंकड़ा 1959 में छुआ और दाम 102 रुपए हुए।

## शिविर : सुशासन तिहार अंतर्गत कोडार में समाधान शिविर का हुआ आयोजन

# विष्णु देव के सुशासन में हर गांव का होगा विकास: विधायक सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

**शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री अभिनंदन पत्र का किया गया वितरण**



सुशासन तिहार अंतर्गत 12 मई को महासमुंद विकासखंड के ग्राम कोडार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा मंचासीन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ,जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर एवं देवकी पटेल, जनपद सदस्य योगेश्वरी साहू, गजल महिलांग, अंजली परमार, सुधा चंद्राकर, प्रियंका ढीढी, अंजलि खैरवार, डिगेश्वरी चंद्राकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल, संदीप घोष एवं राजू यादव मौजूद रहे। अंचल के सरपंच गण, अपर कलेक्टर रवि साहू, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैंकरा, जनपद सीईओ बीएस मंडावी भी मौजूद थे। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

यहां 11 पंचायत जोबा, मालीडीह, भोरिंग, अछोली, गढ़ासिवनी, कुकराडीह, खैरझिटी, कौआझर, बेलटुकरी, अछोला, परसाडीह से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। सर्वप्रथम विधायक एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया, और उनके विभाग में कितने आवेदन आए और कितने आवेदनों का निराकरण किया गया उसकी जानकारी ली। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों की समस्याओं को तन्मयतापूर्वक सुनकर निराकरण के निर्देश दिए। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप ग्राम पंचायतों के अंतिम व्यक्ति तक समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुशासन में जिले के सभी गांवों का विकास होगा। विकास कार्य के लिए धन राशि की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सभी वर्गों के हित का ध्यान रख रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वे किया जा रहा है,ताकि एक भी पात्र हितग्राही सर्वे सूची में नहीं छूटे और सभी को पक्का आवास मिले। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना अंतर्गत हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। विधायक सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। सभी मांग एक एक करके पूरा करेंगे। उन्होंने श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कहा कि इस विभाग में अनेक जनकल्याण करी योजनाओं संचालित है। जल्दी ही टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। ओलावृष्टि के तहत किसानों को जो नुकसान हुआ है उन्हें मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके लिए सर्वे किया जा रहा है।

### विभिन्न विकास कार्यों की दी जानकारी

विधायक सिन्हा ने विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद क्षेत्र में लहंगर से पीढ़ी मार्ग में 5 करोड़ 23 लाख रुपए की स्वीकृति हो गई है।जल्दी ही टेंडर लगेगा और भूमि पूजन किया जाएगा। इसी तरह पटेवा से रायपुर मार्ग के लिए 11 करोड़, परसाडीह से लहंगर के लिए भी राशि स्वीकृति होने की जानकारी दी। ग्राम साराडीह, बनसिवनी मार्ग, नवापारा से अछरीडीह आदि की स्वीकृति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने जनता के समक्ष महासमुंद में विकास कार्यों की जानकारी जनता को दी। उन्होंने कहा कि आने वाले 2047 में विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा जरूर होगा। महासमुंद का एक एक गांव विकसित होगा। इस अवसर पर विधायक श्री सिन्हा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविर में 5 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड एवं श्रमिक कार्ड, 7 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, 2 पेंशन स्वीकृति पत्र, 2 हितग्राहियों को स्वच्छ और सुंदर आवास योजना के लिए अभिनंदन पत्र दिया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा छायादार ,फलदार पौध वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने शिविर में बड़ी संख्या में भाग लेकर रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच कराई। जांच के उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरतमंदों को आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही,आयुष विभाग के स्टॉल पर मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु जनसामान्य को आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

# बीकॉम-सीए फाउंडेशन के पर्चे न टकराएं, इसलिए बदली तारीख और अब सीए इंटर संग टकराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रविवि ने सेमेस्टर कक्षाओं की समय-सारिणी जारी की। इसमें बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर भी शामिल रहा। जब पहली बार समय-सारिणी जारी की तो बीकॉम के पर्चे सीए फाउंडेशन के साथ टकरा रहे थे। छात्रों ने इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए बीकॉम की परीक्षा तिथि बदलने की मांग की। रविवि ने इसे स्वीकार भी कर लिया और संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी। अब बीकॉम की परीक्षाएं सीए फाउंडेशन के साथ नहीं बल्कि सीए इंटर के साथ टकरा रही है। छात्र फिर माथा पकड़कर बैठ गए हैं। छात्र अब पुनः विरोध दर्ज कराने की तैयारी में है।

- बीकॉम की परीक्षा दिलाने वाले छात्र ही शामिल होंते हैं सीए की प्रवेश परीक्षाओं में

यह पहली बार नहीं है जब रविवि द्वारा बीकॉम और सीए की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि टकराने के कारण तिथियों में बदलाव किया गया हो। बीते वर्ष भी यही स्थिति निर्मित हुई थी। इसके बाद रविवि द्वारा समय-सारिणी में परिवर्तन किया गया था। सीए प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां पूर्व में ही घोषित हो चुकी थी। इसके बाद भी रविवि द्वारा टाइम-टेबल तैयार करते समय इस पर ध्यान नहीं दिया गया। बार-बार बदलाव से ना केवल छात्रों में भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है, बल्कि महाविद्यालय भी इससे परेशान हो गए हैं।

### अन्य विषयों में भी बदलाव

जारी की गई नवीन समय-सारिणी के अनुसार, बीकॉम की सीएमए की परीक्षा सीए इंटर मीडियट से टकराएगी। यदि छात्र दोनों में से एक भी परीक्षा छोड़ते हैं जो उनका एक वर्ष खराब होगा। रविवि द्वारा ना सिर्फ बीकॉम बल्कि कई अन्य विषयों की समय-सारिणी में भी बदलाव किया गया है। छात्रों द्वारा कोर्स पूण नहीं होने की शिकायत के बाद सेमेस्टर की परीक्षाएं मई के स्थान पर जून में कराने का निर्णय रविवि द्वारा पिछले सप्ताह लिया गया था।

### तीन चरणों में होती है परीक्षा

गौरतलब है कि सीए बनने के लिए तीन चरणों में परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होती है। सर्वप्रथम सीए फाउंडेशन की परीक्षा होती है। इसे उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को अगले वर्ष सीए इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दिलानी होगी। इसके बाद आर्टिकल-सी पूर्ण करना होता है। अंत में इंटर फाइनल की परीक्षाएं होती हैं। इस पूरी प्रक्रिया में चार से पांच साल का समय लग जाता है। ऐसे में अधिकतर विद्यार्थी सीए की तैयारियों के साथ-साथ बीकॉम-एमकॉम की पढ़ाई भी कर रहे होते हैं।

# छत्तीसगढ़ समेत देशभर में हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के कंठ सूखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपी) में तकनीकी खराबी आने की वजह से पिछले पांच दिनों से एचपी डीलरों के पंपों में समय पर पेट्रोल, डीजल नहीं मिल पा रहा है। एचपी पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रतिनिधि अभय पारख के अनुसार, डिपो में पर्याप्त स्टाक है। एचपी के सर्वर में तकनीकी खामी होने की वजह से डीलरों के टैंकर में पेट्रोल, डीजल मैनुअल तरीके से भरा जा रहा है। इस वजह से पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति में देर हो रही है।

- तकनीकी खामी के चलते समय पर नहीं पहुंच रहे टैंकर

अभय पारख के अनुसार, विगत 7 मई से सर्वर में तकनीकी खामी आने के बाद से ऑयल आपूर्ति प्रभावित हुई है। एचपी से जुड़ी तकनीकी टीम सर्वर ठीक करने की कोशिश में जुटी हुई है। एचपी प्रबंधन द्वारा तकनीकी खामी को 30 प्रतिशत तक सुधार लिया है। एचपी एसोसिएशन के प्रतिनिधि के अनुसार, एक दो दिन में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

### राज्य में साढ़े सात सौ एचपी डीलर

राज्य में एचपी के साढ़े सात सौ डीलर हैं। सर्वर में तकनीकी खराबी आने को लेकर साइबर अटैक करने की आशंका जताई जा रही थी, लेकिन एचपी प्रबंधन ने किसी भी तरह का साइबर अटैक होने की बात से इंकार किया है। सर्वर में किस तरह की खामी आई थी, इसे लेकर एचपी प्रबंधन ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। साथ ही जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल होने का दावा किया है।

### महज 20 प्रतिशत टैंकरों में भर पा रहे ऑयल

सर्वर में तकनीकी खराबी आने की वजह से डिपो में महज 20 प्रतिशत टैंकरों में पेट्रोल, डीजल भरा जा रहा है। इसकी वजह, जो ऑनलाइन सिस्टम से काम होता था, उसे मैनुअल तरीके से करना पड़ रहा है। हालांकि रविवार को स्थिति में सुधार होने का दावा किया गया है।

# मशीन से अरमान नाले की सफाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर के 4 वार्डों के रिहाइशी इलाकों में जलभराव का कारण बन रहे अरमान नाले की मशीन से सफाई का कार्य रविवार से शुरू हो गया है। नाले में भारी मात्रा में कचरा और तल तक सील्ट की मोटी परत जमने से उसकी तल तक सफाई टेल एंड तक करने की जरूरत है। पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने रविवार को जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के साथ अरमान नाला का निरीक्षण कर तल तक एक छोर से दूसरे छोर तक सफाई कराने के लिए कहा है, ताकि बारिश के समय चार वार्डों के रहवासियों को जलभराव से राहत मिल सके। अरमान नाले की बारिश पूर्व सफाई में निगम प्रशासन जुट गया है। अरमान नाला बारिश के समय शहर के पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, कालीमाता वार्ड और शंकरनगर वार्ड को प्रभावित करता है। पार्षद आकाश तिवारी ने बताया कि विगत कई वर्षों से नई बस्ती में बारिश के समय जलभराव होता है। इसलिए अभी से उचित प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि आने वाले दिनों में बस्ती के रहवासियों को जलभराव की समस्या से जूझना न पड़े। इसके लिए अरमान नाले का पूरी प्लानिंग के साथ सफाई कार्य शुरू कराया गया है।

- पार्षद आकाश तिवारी ने जोन 4 कमिश्नर के साथ किया निरीक्षण

# ई-व्हीकल चार्जिंग से नगर निगम को 8 माह में 2.50 लाख की कमाई

**दिल्ली की अनुबंधित एजेंसी जीवा ने शहर के 4 स्थानों पर स्थापित किए हैं ई-चार्जिंग स्टेशन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम ने अब ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन से आमदनी का जरिया जुटा लिया है। पिछले 8 माह में नगर निगम को इससे 2.50 लाख रुपए कमाई हुई। चार्जिंग कराने वालों से दिल्ली की कंपनी 18 रुपए प्रति यूनिट शुल्क ले रही है। इसमें नगर निगम का हिस्सा 10 रुपए और कंपनी की जेब में 8 रुपए जा रहे हैं। अनुबंधित कंपनी ने फिलहाल शहर के 4 स्थानों पर ई-व्हीकल के लिए चार्जिंग स्टेशन खोला है।

- 18 रुपए प्रति यूनिट चार्जिंग शुल्क, 8 रुपए कंपनी को 10 रुपए निगम के हिस्से में

दरअसल इको फ्रेंडली सुगम आवागमन को बढ़ावा देने शहर में ई-व्हीकल का प्रचलन बढ़ा है। इसे देखते हुए रायपुर नगर निगम ने दिल्ली की एजेंसी जीवा के साथ अनुबंध किया है। अनुबंधित एजेंसी ने शुरुआत में फोर व्हीलर ई-व्हीकल धारकों के लिए शहर में निगम मुख्यालय परिसर भाठागांव के पास स्थित इंटरस्टेट बस टर्मिनल, जयस्तंभ चौक के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग और कलेक्टोरेट के पास स्थित हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग के पास ई-व्हीकल चार्जिंग के लिए सुविधा दी है, ताकि ई-व्हीकल चालक अपनी गाड़ी आसानी से रीचार्ज करा सकें।




### 15वें वित्त आयोग से मिली राशि से चार्जिंग स्टेशन

प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नगर निगम ने 15वें वित्त आयोग से मिली राशि से शहर में 4 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इसके संचालन व संधारण के लिए निगम ने दिल्ली की कंपनी जीवा के साथ अनुबंध किया है। हालांकि इसकी शुरुआत अभी फोर व्हीलर ई-व्हीकल से की गई है। अच्छा रिस्पांस मिलने पर आने वाले दिनों में थ्री व्हीलर चालकों के लिए भी ई-व्हीकल की चार्जिंग कराने सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## नई दिल्ली में आयोजन, देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता भाग लेंगे

# देश के खुदरा व्यापार पर कब्जे की साजिश के खिलाफ 16 मई को दिल्ली में कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

देश के करीब 140 करोड़ के सालाना खुदरा व्यापार पर कब्जे की साजिश के विरोध में कैट की राष्ट्रीय संगोष्ठी 16 मई को दिल्ली में होने जा रही है, जिसमें देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता भाग लेंगे।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि ई-कामर्स और क्विक कामर्स कंपनियों की चालों का सामना करने 16 मई को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इस संगोष्ठी में देशभर के 100 से अधिक व्यापारी नेता हिस्सा लेंगे। इसका आयोजन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कांफ्रेंस में इस मुद्दे पर मुख्य वक्तव्य देंगी। श्री पारवानी ने बताया कि इस कांफ्रेंस में केवल व्यापारी ही नहीं, बल्कि स्वदेशी उत्पादों के समर्थक, ट्रांसपोर्ट, लघु उद्योग, एमएसएमई, उपभोक्ता संगठन, महिला उद्यमी, किसान, स्टार्टअप, कर्मचारी संगठनों समेत व्यापार के विभिन्न सेक्टर भी भाग लेंगे। सभी मिलकर इन विदेशी पूंजी पोषित कंपनियों के षडयंत्रों को उजागर करने और देशव्यापी अभियान चलाने की एक संयुक्त रणनीति तय करेंगे। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने कहा कि यह कांफ्रेंस अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि व्यापार और उद्योग के विभिन्न सेक्टर्स अब एक मंच पर आकर इन कंपनियों को सीधी चुनौती देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि इन कंपनियों ने अब तक मोबाइल और मोबाइल एसेसरीज, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, वस्त्र, परिधान, जूते-चप्पल, खाद्य सामग्री, रेस्तरां और होटल्स जैसे कई प्रमुख व्यापार क्षेत्रों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। वहीं व्यापार के अन्य क्षेत्रों पर भी ये कंपनियां कब्जा करने की कोशिश में जुटी हैं।

### जमकर विरोध करें व्यापारी

श्री पारवानी एवं श्री जैन ने दो टूक कहा कि अब समय आ गया है, जब इन कंपनियों की अनैतिक व्यापारिक गतिविधियों का देशभर के व्यापारी जमकर विरोध करें, ताकि देश के खुदरा व्यापार को इनकी गिरफ्त से बचाया जा सके। यह कॉन्फ्रेंस एक निर्णायक कदम होगी, जिससे निकली रणनीति के आधार पर देशव्यापी जागरूकता और विरोध अभियान की शुरुआत की जाएगी।

# सौ करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे तीन ओवरपास, पांच लाख आबादी को राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बिलासपुर-रायपुर मार्ग के चौड़ीकरण होने के बाद इस मार्ग पर वाहनों का दबाव पहले की तुलना में बढ़ गया है। टाटीबंध से हीरापुर मार्ग घने रिहायशी क्षेत्र के रूप में तब्दील होने की वजह से क्षेत्र में लोगों को सुगम आवाजाही की सुविधा देने ओवरपास निर्माण की अरसे से मांग की जा रही है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हीरापुर, सरोरा तथा जरवाय चौक पर 100 करोड़ रुपए की लागत से तीन ओवरपास बनाए जाने का निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कम करने सिलतरा में अलग से बायपास मार्ग बनाया गया है, सिलतरा में बायपास मार्ग के निर्माण होने के बाद टाटीबंध से हीरापुर, सरोरा जाने वाले मार्ग पर जैसा ट्रैफिक दबाव कम होने की उम्मीद थी, उस लिहाज से ट्रैफिक का दबाव कम नहीं हुआ। सिलतरा में बायपास निर्माण होने के बाद टाटीबंध-हीरापुर मार्ग पर 20 प्रतिशत के करीब ट्रैफिक दबाव कम हुआ है। सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं टाटीबंध से हीरापुर, जरवाय मार्ग पर होती हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए तीन स्थानों पर ओवरपास बनाने का निर्णय लिया गया है।

# नेशनल लोक अदालत में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी, विद्युत देयकों व अन्य राजीनामा प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत की 04 खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे। उक्त खण्डपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए सरायपाली न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार खण्डपीठ क्रमांक 10 वंदना दीपक देवांगन प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्री-लिटिगेरशन संबंधित मामलों में विद्युत से संबंधित 20 प्रकरण में 3,72,640 रुपए, ट्रांसफर डिक्री के 01 प्रकरण में 15,72,357 रुपए का निराकरण किया गया। वहीं खंडपीठ 11 पंकज आलोक तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में आर्बिटेशन के कुल 01 प्रकरण 8,63,683 रुपए एवं 1 एमएसीटी में 1,20,000 रुपए, खंडपीठ क्रमांक 12 वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली के न्यायालय में धारा 138 के 04 प्रकरणों



में 4,72,000 रुपए, दाण्डिक के 04 प्रकरण, सिविल के 1 प्रकरण में 7,97,371 एवं समरी 292 में 38,000 रुपए तथा खंडपीठ क्रमांक 1 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली में 367 समरी के मामले में 01,27,300 रुपए एवं आईपीसी के 10, धारा 258 दप्रस के तहत 3, धारा 138 के तहत 03 प्रकरणों में 14,92,000 रुपए का निराकरण किया गया। साथ ही खंडपीठ क्रमांक 13 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में आईपीसी के 2, धारा 138 के 01 प्रकरणों में 7,00,000, समरी 117 प्रकरणों 29,800 रुपये, प्री लिटीगेशन के 14 प्रकरणों में 3,75,487 रुपए के साथ निराकरण किया गया है।

### लंबे समय से चल रहे दो मामलों में भी राजीनामा

नेशनल लोक अदालत में लंबे अरसे से चल रहे दो दांडिक प्रकरणों का भी निराकरण किया गया, जिसमें शासन विरूद्ध फगनू मांझी वगैरह दांडिक प्रकरण कमांक 614/2021 अपराध धारा 294,323,506 बी भादवि का प्रकरण विवाद होकर मारपीट हो जाने के संबंध में विगत 05 वर्षों से न्यायालय में लंबित था। उक्त प्रकरण में आज ग्राम केजुवा निवासी दोनों पक्षकारों के द्वारा आपसी राजीनामा कर सुलह समझौता कर लिया गया तथा दोनों लंबे समय के चले आ रहे विवाद को समाप्त करने के लिये हंसी खुशी राजी हुए। उक्त समझौते में आरोपीगण के अधिवक्ता पीडी भोई, सुहलकर्ता सदस्य राजेन्द्र कुमार दास एवं विधिक कर्मचारी राकेश कुमार मिश्रा द्वारा वैभव घृतलहरे न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सरायपाली के न्यायालय में सुलह समझौता कराया गया। इसी तरह कमल अग्रवाल विरूद्ध कन्हाईज विविध दांडिक प्रकरण कमांक 437/2020 अपराध धारा 138 प्रकाम्य लिखत अधिनियम का प्रकरण पक्षकारों के मध्य आपसी पैसे लेन-देन की बात को लेकर विवाद के संबंध में चेक अनादरण का प्रकरण न्यायालय में 05 वर्ष से लंबित था। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रार्थी कमल द्वारा अभियुक्त कन्हाईज ग्राम बानीगिरोला के साथ आपसी राजीनामा कर सुलह समझौता कर लिया गया। उक्त समझौते में परिवादी के अधिवक्ता शशिकांत पटेल एवं अभियुक्त के अधिवक्ता महेंद्र प्रधान सहित सुलहकर्ता सदस्य दास एवं विधिक कर्मचारी ने कराया।

## खबर संक्षेप

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** विवाद के दौरान समझाने पहुंचे एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना हो गई। तुमगांव पुलिस को रंजित निवासी कांपा ने बताया कि 11 मई की रात 8 बजे गांव का उमेश टंडन शराब के नशे में उसके मौसेरे भाई बादल टंडन के साथ विवाद कर रहा था, जिसे जब उसने समझाया तो आरोपी ने गाली देते हुए पास में रखे पत्थर से आंख के उपर माथे के पास मारा और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### सुशासन तिहार में मिले 95 प्रतिशत आवेदन विभागों को भेजकर बता दिए निराकृत

**रायपुर।** सुशासन तिहार के आवेदनों की कार्यवाही को सरकार अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करे। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि सरकार को मिले 95 प्रतिशत आवेदनों को संबधित विभागों को भेजकर निराकृत होने का दावा किया जा रहा है। किसी भी आवेदन पर समुचित कार्यवाही नहीं की गई। साय सरकार का सुशासन तिहार फ्लॉप साबित हुआ है। सुशासन तिहार के दौरान मिले आवेदन : सुशासन तिहार के पहले दूसरे चरण में आम जनता की समस्याओं से संबंधित लगभग 40 लाख आवेदन आए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में 75 हजार से अधिक आवेदन आए थे, जिनका आज तक निराकरण नहीं हुआ है। ऐसे में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का कोई मतलब नहीं है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल से हताश और परेशान हो गई है। किसान, मजदूर, व्यापारी, महिलाएं, छात्र, युवा, हर वर्ग हताश और परेशान हैं, अपनी समस्याओं को लेकर दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं।

### विधायक मूणत ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने रविवार को जोन 7 के 2 वार्डों में 1 करोड़ 18 लाख के आधा दर्जन नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। संत रामदास वार्ड और सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में भवन निर्माण, सौंदर्यीकरण और जीआई पाइपलाइन विस्तार कार्य शामिल है। रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक राजेश मूणत ने 1 करोड़ 18 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से 6 विविध नवीन विकास कार्यों को शीघ्र कराने भूमिपूजन किया। इस मौके पर श्री मूणत ने कहा कि इन कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि नागरिकों की जरूरतों को पूरा कर जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि रायपुर पश्चिम का कोई भी वार्ड मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। जनता से जो वादे किए हैं, उन्हें जमीन पर उतारना ही मेरी सबसे बड़ी जवाबदेही है।

# कर्मा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विकासखंड के बोहारपार ग्राम में आयोजित कर्मा माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। इस अवसर पर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, विधायक कसडोल संदीप साहू, प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष मालकराम साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, बसना नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष धरम दास साहू, भिखारीचरण साहू, नारायण साहू, तोषराम साहू, पंकज साव, टिकेश्वर साहू, अजीत साव, तुलाराम साहू, लालाराम साहू उपस्थित रहे।



उपमुख्यमंत्री साव ने सर्वप्रथम नवनिर्मित कर्मा माता मंदिर में पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किए। इसके पश्चात आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसना के ग्राम बोहारपार में बहुत ही सुंदर एवं भव्य कर्मा माता मंदिर की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण से सनातन की परंपरा और सनातन का विचार अवश्य ही फलीभूत होगा। भक्त माता कर्मा की महिमा बताए हुए उन्होंने कहा कि इस मंदिर का निर्माण केवल पूजा अर्चना के लिए ना होकर यहां से संस्कार भी पैदा हो इसलिए इसका निर्माण हुआ है। इसके पश्चात साव ने मंदिर परिसर में आहाता निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा किए।

प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने मंदिर निर्माण के लिए शुभकामना देते कहा कि आज के समय में घर में संस्कार बचाना जरूरी है, तब जाकर एक बेहतर समाज का निर्माण होगा। तभी माता कर्मा मंदिर का लक्ष्य सही मायनों में पूर्ण होगा। बसना विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए इस क्षेत्र के सभी लोगों को शुभकामनाएं, जिन्होंने इस शुभ कार्य में अपना योगदान दिया। इसके पश्चात उन्होंने लोगों को मांग को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए विधायक निधि से 21 लाख रुपए की घोषणा की।

# कॉलेज में सेमिनार का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं के लिए प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन ग्रामीण विकास में स्थानीय संस्थाओं की भूमिका विषय पर रखा गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ अरुणा ठाकुर सहायक प्राध्यापक लोक प्रशासन शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर रही तथा डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, केसर चंद्र वनपाल सहायक प्रध्यापक राजनीति विज्ञान विभाग, विजय कुमार मिर्चे मौजूद रहे। सभी प्राध्यापकों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ डॉ. अरुणा ठाकुर ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में स्थानीय संस्थाओं का भूमिका महत्वपूर्ण होती है। स्थानीय शासन वह स्थिति है जब स्थानीय स्तर पर चुने हुए प्रतिनिधि अपने समस्याओं का समाधान ख़ुद ही करते है। स्थानीय स्वशासन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का भारत बनाने के लिए स्थानीय संस्थाओं को ज़्यादा से ज़्यादा अधिकार देने होंगे। साथ ही महिलाओं को नेतृत्व में आगे आने के लिए मेहनत करने कहा। इस अवसर पर डॉ. मालती तिवारी ने स्वागत भाषण और विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्तमान में लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में युवाओं की



सकारात्मक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। क्योंकि, मजबूत भागीदारी ही लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है। सभी युवाओं को मतदान कार्य में भाग लेना चाहिए। स्थानीय निकायों को सशक्त करने के लिए ही स्थानीय संस्थाओं को संवैधानिक अधिकार दिए है। इस अवसर पर चतुर्थ सेमेस्टर से गोपी सिन्हा, चंदन, चेमन, हर्ष चंद्राकर , जानू परवीन, टिकेश्वरी, सना बानो, पूनम पटेल, प्रेम ज्योति ढीढी, हिना साहू, मनीषा, मोनिका इत्यादि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आभार व्यक्त केसर चंद्र बनपाल एवं संचालन विजय कुमार मिर्चे ने किया।

# सिकासेर से कोडार तक शीघ्र पहुंचेगा पानी, किसान होंगे समृद्ध : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सिकासेर परियोजना के तहत सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने तथा डीपीआर को मंजूरी मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए क्षेत्र के किसानों को बधाई दी है। चंद्राकर ने बताया कि उनके कार्यकाल में इस महत्वपूर्ण परियोजना की डीपीआर सर्वे के लिए उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ध्यानाकर्षित कराया था। उनके निवेदन पर बघेल ने 2022-23 बजट तथा पुनरीक्षित बजट 2023–24 में सिकासेर परियोजना को स्वीकृति देते हुए डीपीआर सर्वे के लिए राशि का प्रावधान किया था। चंद्राकर के प्रयास से ही सिकासेर परियोजना की फाइल आगे बढ़ी थी। उन्होंने बताया कि सिकासेर बांध से पानी लाने इस परियोजना को पीएफआईसी से मंजूरी के बाद परियोजना मंडल को भेज दिया गया है। शीघ्र ही इस पर कार्य शुरू होगा। इस कार्य के लिए 2600 करोड़ खर्च अनुमानित है। सिकासेर से कोडार तक पानी लाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद गरियाबंद सहित महासमुंद जिला के बागबाहरा तथा महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सूखे का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सिकासेर परियोजना कार्य को आगे बढ़ाने चंद्राकर ने विगत 4 फरवरी 2024 को वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को भी स्मरण पत्र भेजा था। इस परियोजना को चंद्राकर ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रमुखता किसानों के हित में मांग उठाते हुए उन्होंने बजट में शामिल करवाकर सर्वे के लिए राशि स्वीकृत कराया था। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के किसानों ने सिकासेर बांध से कोडार तक पानी लाने के लिए प्रयास करने की मांग उनसे की थी। जिस पर उन्होंने लगातार प्रयास किए।



साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को क्षेत्र के किसानों की समस्या से अवगत कराकर इस महत्वपूर्ण परियोजना के लाभ के बारे में बताया था। चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को बताया था कि गरियाबंद में अच्छी बारिश से सिकासेर जलाशय लबालब हो जाता है और उसका पानी व्यर्थ बह जाता है। उक्त पानी को महासमुंद जिले में कोडार तक लाने से क्षेत्र के किसान समृद्ध होंगे तथा उन्हें सूखा-अकाल का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बघेल ने पैरी परियोजना को बजट में शामिल किया था। जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति होना बाकी था। पूर्व संससदीय सचिव चंद्राकर के प्रयासों से आज उक्त परियोजना के सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो गया है तथा डीपीआर सर्वे भी पूरी हो चुकी है। इस खबर से उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है तथा क्षेत्र के किसानों को बधाई देते हुए कहा कि अब बागबाहरा व महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के किसान फसल की सिंचाई दोनों ही सीजन में बड़ी आसानी से कर पाएंगे।

# युक्तियुक्तकरण के बहाने प्राथमिक शालाओं को दाल-भात सेंटर में तब्दील करना चाहती है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सिराज बक्श और प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के बहाने प्रदेश के प्राथमिक शालाओं को दाल-भात सेंटर में तब्दील करना चाहती है राज्य सरकार।

वही दूसरी तरफ दसवीं बारहवीं के गिरते परीक्षा परिणामों के लिए जिला व ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों पर कार्रवाई कर आखिर क्या साबित करना चाहता है शिक्षा विभाग। जब तक बच्चों को बुनियादी शिक्षा बेहतर नहीं मिलेगी, तब तक कैसे सुधरेगा परीक्षा परिणाम। सेटअप के साथ बदलाव करना और हजारों पदों को समाप्त करना शासकीय स्कूलों की कमर तोड़ने वाला कार्य है। दोष पूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रकिया के विरोध में पालक भी बुनियादी शिक्षा के लिए जागरुकता लाने विशेष अभियान चला रहा है। साथ ही फेडरेशन भी जरूरत पड़ी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पूरे साल शिक्षक पढ़ाई के साथ अन्य कार्य करते है। महज दो शिक्षक पांच कक्षाओं का संचालन कैसे करेंगे। उच्च अधिकारियों को इस बात पर चिंतन करना चाहिए। राज्य सरकार को इस बात पर भी चिंतन करना चाहिए कि आखिर वे क्या कारण है कि सरकार को बार बार स्कूलों में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करना पड़ता है। आखिर दर्ज संख्या के अनुपात से अधिक शिक्षक कैसे संस्था में पदस्थापना प्राप्त कर लेते हैं। युक्तियुक्तकरण सबसे पहले ऐसे दोषी अधिकारियों का होना चाहिए जिनके आदेश से स्कूलों में दर्ज संख्या के अनुपात से ज्यादा शिक्षकों को पदस्थापना दी गई। विभाग दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने के बजाए सिर्फ शिक्षकों का ही युक्तियुक्तकरण कर शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान करने का कार्य किया जा रहा है। फेडरेशन ने विभाग के आला अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि सबसे पहले उन शालाओं का पता लगाना चाहिए जिसमें दर्ज के अनुरूप अधिक शिक्षक विराजमान है और ऐसा क्यों हुआ, ऐसे कार्य करने वाले दोषी अफसरों का पहले युक्तियुक्तकरण और कार्रवाई होना चाहिए।

कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव ने जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन इस दोष पूर्ण युक्तियुक्तकरण के खिलाफ सड़क की लड़ाई लड़ेगा। जल्द विभिन्न शिक्षक संघों का प्रतिनिधि मंडल राज्य के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उनसे निवेदन करेंगे कि 2008 के सेटअप अनुसार युक्तियुक्तकरण की प्रकिया अपनाई जाए। सेटअप के साथ किसी प्रकार का बदलाव किया गया तो फेडरेशन इसका पुरजोर विरोध करेगा। आवश्यकता पड़ी तो फेडरेशन गांव गांव पालक जगाओ अभियान चलाकर पालकों को इस अभियान का हिस्सा बनाएगा। दो शिक्षकों के भरोसे कैसे होगा सरकारी स्कूलों में शिक्षा का संचालन, इस विषय पर विचार गोष्ठी कर पालकों और ग्रामीणों की सहभागिता से ऐसे दोष पूर्ण नियमों वाले युक्तियुक्तकरण का विरोध किया जाएगा। आगे कहा कि जल्द संकुल स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करेंगे। इस दोष पूर्ण युक्तियुक्तकरण के लिए एक मजबूत कारगर रणनीति बनाकर सड़क में संघर्ष किया जाएगा।

# सरायपाली-सरसीवां मार्ग जर्जर, राहगीरों की बढ़ी मुसीबत

## सागरपाली के पास क्षतिग्रस्त, दुकानदार धूल से परेशान, धूल से बचने सड़क पर कर रहे हैं पानी का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

सरायपाली सरसीवां मार्ग के रख रखाव के अभाव में जहां डामर की परतें उखड़ने लगी हैं। वहीं जगह-जगह गड्ढे बनने से आवागमन भी बाधित हो रही है। सागरपाली के पास सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जमदरहा मोड़ से लेकर दुर्गापाली मोड तक बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं। इधर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा खराब हो रही सड़क की मरम्मत करने में लापरवाही बरती जा रही है। सड़क पर ही घरों, होटलों का पानी बहने से सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। पानी निकासी की उचित प्रबंध एवं सड़क किनारे नालियां पट जाने से सड़क की यह दुर्दशा हुई है।



क्षतिग्रस्त सड़क पर काम चलाऊ मुरम गिट्टी पाट देने से राहगीर एवं आसपास के दुकानदार धूल की गुबार से परेशान हैं। धूल को कम करने के लिए स्थानीय दुकानदार रोज पानी का छिड़काव करते हैं। जिसके चलते सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है। कीचड़ से राहगीरों को परेशानी होती है। आसपास के दुकानदार धूल न उड़े इसके लिए बड़ी मात्रा में पीने का पानी का छिड़काव करते हैं। जिस पानी का उपयोग लोग पीने के लिए करते उसका उपयोग धूल समेटने के लिए कर रहे हैं। बताया गया है कि पिछले वर्ष ही पीडबल्यूडी विभाग द्वारा सड़क मरम्मत (रिनिवल) का काम कराया गया था। मगर, साल भर के भीतर ही सागरपाली के पास सड़क खराब हो गई। क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क मरम्मत करने की मांग वित्त मंत्री ओपी चौधरी से की थी। उन्होंने बरसात के बाद मरम्मत कार्य करने का आश्वासन दिया था। लोगों को उम्मीद थी कि बरसात के बाद सड़क का कायाकल्प होगा, मगर जहां सबसे ज्यादा मरम्मत की आवश्यकता थी, उसे हिस्से की मरम्मत नहीं की गई। पीडब्ल्यूडी विभाग इन गड्ढों को मरम्मत करना भूल चुका है। स्थानीय लोग ही गड्ढों को मुरूम मिट्टी एवं ईंट के टुकड़ों से पाट रहे हैं।

यह ज्ञातव्य हो कि सिरपुर-सरायपाली-सरसीवां-हसौद तक करीब 71 किलोमीटर सड़क का निर्माण एडीबीपी द्वारा कराया गया था। उसके बाद उचित रखरखाव के अभाव में सड़क क्षतिग्रस्त होने लगी। पिछले साल कांशीपाली से बिछिया तक करीब 6 किमी एवं इस वर्ष डोंगरीपाली से माता नाला तक करीब 2 किलोमीटर का मरम्मत कार्य कराया गया है। पूरे सड़क का रिनुअल कार्य दो-तीन वर्ष पहले ही कराया गया था। मगर ठेकेदार की लापरवाही से इतनी जल्दी मरम्मत कराने की आवश्यकता पड़ रही है। सागरपाली के ग्रामीण सड़क मरम्मत की मांग 16 तारीख को आयोजित समाधान शिविर में करेंगे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर 752 घरों में हुआ यज्ञ


## गृहे-गृहे यज्ञ से गूंजा गायत्री मंत्र, जनमानस में जागा आत्मिक उत्साह

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा पर देशभर में गृहे-गृहे यज्ञ का आयोजन किया गया। इस महाअभियान के अंतर्गत महासमुंद नगर में 201 घरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 551 घरों में विधिवत यज्ञ हुआ। इस पावन आयोजन का उद्देश्य जनमानस में आध्यात्मिक चेतना जाग्रत करना तथा परिवारों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम के तहत गायत्री परिवार के परिजनों ने एक दिन पूर्व घर-घर संपर्क कर यज्ञ आयोजन की जानकारी दी और हवन सामग्री, देव स्थापना चित्र एवं साहित्य का निशुल्क वितरण किया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में परिजनों ने सहभागिता निभाई। महासमुंद में बोधराम साहू, रामलाल साहू, नरेश साहू, ललित मेश्राम, जगमोहन साहू एवं परस चौहान ने सक्रिय भूमिका निभाई। कौशिक कॉलोनी में भारत साहू, मौहारीभाटा में विजय साहू एवं पूर्णिमा साहू के साथ महिला मंडल की सदस्यों ने भी विभिन्न घरों में यज्ञ संपन्न कराए। साथ ही सरेकेल, झलप, अछोला इकाई, तुमगांव इकाई, खम्हरिया इकाई, पचेड़ा, मचेवा, पाली एवं बेमचा इकाइयों में भी बड़ी संख्या में यज्ञ आयोजित किए गए। इस आयोजन से संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उन्नयन का वातावरण निर्मित हुआ।





## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। 43 घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गायत्री परिवार के घरों में पांच दीप जलाकर गायत्री यज्ञ किया गया और बुद्ध पूर्णिमा को देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। यह दिन भगवान गौतम बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति हुए थे और महापरिनिर्वाण तीनों घटनाओं से जुड़ा हुआ है। इस शुभ अवसर पर व्रत, पूजा और कथा श्रवण का विशेष महत्व होते है। ऐसा माना जाता है कि बुद्ध पूर्णिमा की व्रत कथा पढ़ने और सुनने से जीवन में आने वाली सभी बाधाएं समाप्त हो जाते हैं और व्यक्ति को हर कार्य में सफलता मिलती है। बुद्ध पूर्णिमा को वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन उपवास रखा जाता है, साफ-सफाई के साथ घर में बुद्ध भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करते है। धूप-दीप, फूल, फल, चंदन और नैवेद्य से भगवान बुद्ध की आराधना की जाते है। बुद्ध व्रत कथा का पाठ करने से सभी पुण्य की प्राप्त होते है।

### राम मंदिर में हनुमान चालीसा का किया पाठ

**जगदलपुर।** समुंद चौक स्थित श्री राम मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ शनिवार को किया गया तत्पश्चात भजन एवं आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अंजली मिश्रा, बुला चक्रवर्ती, कल्पना त्रिवेदी, कीर्ति दुबे, शैल अवस्थी, नीलिमा पाठक, पूनम त्रिपाठी, नेहा तिवारी, किरण साठे, सुकमती साह, चंद्रलेखा बाजपाई, चंदना शर्मा, राजदुलारी, किरण साह,सुकमती साह, सुकमती साह के द्वारा की गई।

# वैशाख पूर्णिमा पर गोमती तट पर द्वारकाधीश की हुई सवा लाख बाती से महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





द्वारकाधीश धाम में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर 12 मई सोमवार को भागवत कथा स्थल माहेश्वरी सेवाकुंज द्वारिका में चंद्रमौलेश्वर महादेव का गन्ना रस से अभिषेक व पूजन किया। जिसमें मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू समेत सभी जजमानों ने हिस्सा लिया। संध्या बेला में गोमती तट पर भगवान द्वारकाधीश की सवा लाख बाती से महाआरती की गई। आयोजन में शामिल देवेंद्र चंद्राकर ने सवा लाख बाती की व्यवस्था की थी।

उल्लेखनीय है कि पांच बाती मिलाकर एक बत्ती का निर्माण किया जाता है। इसी प्रकार सवा लाख बाती बनाया गया था। इसके पूर्व कथा वाचक पंडित पंकज तिवारी ने कपिल अवतार समेत भगवान के अवतारों की कथा का बखान करते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है. जिन जीवों की सद्गति गया श्राद्ध में भी नहीं होती ऐसे जीवों का उद्धार भागवत कथा श्रवण से हो जाता है। गया श्राद्ध के बाद भी जब धुंधकारी को मुक्ति नहीं मिली और वह अपने कर्म का पछतावा करते हुए अपने भाई गोकर्ण से कहता है कि वह प्रेत योनि में भटक रहा है, मोक्ष के लिए कुछ उपाय करें। तब साधु-संतों से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने भागवत कथा का आयोजन किया। भागवत कथा श्रवण से धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली। भागवताचार्य तिवारी ने व्यास पीठ से कहा कि जितना पुण्य यज्ञ करने वाले को मिलता है। उतना ही पूर्ण यज्ञ कार्य में सहयोग करने वाले और यज्ञ करने की प्रेरणा देने वाले को भी मिलता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे कार्य, सत्कर्म कार्य में सदैव प्रेरणा देते हुए सहयोग करना चाहिए। उन्होंने स्वाध्याय रूपी यज्ञ को सबसे बड़ा यज्ञ बताया और कहा कि इसे ही सत्कर्म कहा गया है। ज्ञान प्राप्त कर उसे परमार्थ कार्य में लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जैसी भूमि होती है वैसा ही विचार आता है इसलिए यज्ञ, हवन, पूजन के लिए श्रेष्ठ भूमि का चयन करना चाहिए। गोमती तट में महा आरती के दौरान महासमुंद के तीर्थयात्री रमा, हुलसी, मोतिम चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, आशा साहू, किरण साहू, छत्रपाल सिंह, चंद्रकांता सिंह ठाकुर, अबीर चंद्राकर, अलंकृता चंद्राकर, पवन चंद्राकर, कुमारी चंद्राकर, तारिणी अश्वनी तिवारी, छाया सुतार, रुचि चंद्राकर, शीला पांडेय, सुधा शर्मा, राखी जितेंद्र इदीकर, गुलशन चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, जयश्री बैस, शशि शर्मा, सुलोचना चंद्राकर, मीना बाबूलाल साहू, राजेश नायक, मूलचंद सीमा लड्ढा, विपिन चंद्राकर, विजय चंद्राकर, दिलीप प्रभा जैन, मारकंडे पुष्पा चंद्राकर, ईश्वर राधा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## चर्चा : युक्तियुक्तकरण की गलत नीतियों सहित अन्य मुद्दों पर हुई बैठक

# पटवारी के साथ मारपीट, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा गत दिनों पिथौरा विकासखंड के पेंड्रावन में पदस्थ पटवारी विनय कुमार पटेल के साथ कुछ ग्रामीणों द्वारा 28 अप्रैल 2025 को मारपीट करते हुए शासकीय कार्य में बाधा व कागजात के फाड़े जाने पर राजस्व पटवारी संघ जिला महासमुंद के आवेदन के परिपेक्ष में संबंधित पटवारी विनय कुमार पटेल एवं संगठन से जानकारी प्राप्त करते हुए कर्मचारी भवन महासमुंद में बैठक आयोजित कर आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना की घोर निंदा की गई। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से आक्रोश व्यक्त करते हुए मार्गदर्शक एवं कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पटवारी विनय कुमार पटेल से मारपीट किया जाना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि शासकीय कर्मचारी कार्यालय में भी सुरक्षित नहीं है। मार्गदर्शक मंडल से उमेश भारती गोस्वामी ने कहा कि जिला प्रशासन इस पर अंकुश लगाते हुए कठोर कार्रवाई करें अन्यथा कर्मचारी जगत आंदोलन के लिए बाध्य होगा। अध्यक्षता करते हुए कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि घटना के बाद से राजस्व पटवारी संघ जिला इकाई महासमुंद आंदोलनरत है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग में शालाओं एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकारण पर नाराजगी व्यक्त की गई। साथ ही कृषि विभाग बागबाहरा में पदस्थ शिवकुमार चंद्राकर के निलंबन को समाप्त करने की चर्चा हुई। जिला संयोजक ने बताया कि सभी मुद्दों को लेकर 13 मई को कलेक्टर महासमुंद में ज्ञापन सौंपते हुए जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, जिला संयोजक टेकराम सेन, पेंशनर संघ जिला संयोजक अशोक गिरी गोस्वामी, डॉ रामकुमार चंद्राकर, चिंताराम साहू, दिलीप तिवारी, ओम नारायण शर्मा, राजेश शर्मा, मनीष ठाकुर, एसपी ध्रुव, रामकुमार साहू, सिराज बक्श, अजय कुमार बंजारे, तुलेंद्र सागर, राम नारायण चंद्राकर, अनिल कोसरिया, विनय पटेल, राकेश थवाईत, सागर गिरी गोस्वामी, कुबेर साहू, उमेश साहू सहित छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, पशु चिकित्सा संघ, राजस्व पटवारी संघ, वाहन चालक संघ, सहायक शिक्षक फेडरेशन, अजेक्स, अपेक्स, चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का संचालन सिराज बक्श ने किया। उक्त जानकारी फेडरेशन के जिला मीडिया प्रभारी ओम नारायण शर्मा ने दी है।

# नपाउपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड क्रमांक 28 स्थित कलेक्टर कालोनी के बाजू सीसी रोड निर्माण का निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने किया।

साथ में अल्पसंख्यक भाजपा शहर मोर्चा अध्यक्ष नईम खान, महेंद्र सिक्का व गौरव राठी भी मौजूद रहे। इस दौरान ठेकेदार के मुंशी को कहा गया कि रोड निर्माण में क्वालिटी का ध्यान रखे तथा पानी की क्यूरिंग सही होनी चाहिए। राठी ने बताया उक्त रोड निर्माण के लिए ठेकेदार को दो नोटिस दिया गया था। 15 दिन पहले वार्डवासियों ने संपर्क किया, तब ठेकेदार को फोन पर कहा गया कि 15 दिन के अंदर काम चालू करें अन्यथा ठेका निरस्त कर दिया जाएगा, तब आनन फानन में ठेकेदार ने दो दिन पहले निर्माण कार्य चालू किया है।

पहले 4 इंच का सीसी बेस करने के बाद 6 इंच का टॉप सीसी किया जाएगा। 5 मीटर चौड़ी रोड होगी। 15वें वित्त आयोग मद से लगभग 10 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। आज पुनः ठेकेदार को फोन पर हिदायत दी गई रोड मजबूत बनाए, मोटाई बेस के साथ टोटल 10 इंच से कम नहीं होना चाहिए।

# परंपरानुसार डिप्टी सीएम साव का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के प्रवास के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू के तुमगांव स्थित निवास पहुंचे। साव का पारंपरिक छत्तीसगढ़ी रीति-रिवाजों के अनुसार ढोल-नगाड़ों, पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ।

इस अवसर पर मोती साहू ने उपमुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह स्वरूप अयोध्या में विराजमान भगवान रामलला का तैलचित्र भेंट किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू भी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में परंपरागत कारीगरों और ग्रामीण उद्यमिता को सशक्त करने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम कांत साहू, उपाध्यक्ष सवित्री उत्तम निर्मलकर, पार्षद रामशरण निर्मलकर, भुवनेश्वर साहू, भारती टंडन, खैरझिटी के सरपंच कुंजराम चेलक, कृपाशंकर दीवान, धनीराम साहू, रेखू साहू, राधाबाई, गिरिजा दास सहित अनेक अतिथि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


### रेडक्रॉस दिवस पर मानवता का महापर्व, रक्तदान शिविर एवं जनजागरूकता अभियान

**महासमुंद।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय मेडिकल कालेज में हुआ। डॉ.अशोक गिरि गोस्वामी (जिला संगठक एवं राज्य प्रतिनिधि) ने रेडक्रॉस की सेवा यात्रा और विविध गतिविधियों की विस्तृत झलक प्रस्तुत की। संदीप दीवान (चेयरमैन) ने जीवंत उदाहरणों के माध्यम से रेडक्रॉस की आवश्यकता और प्रभाव को रेखांकित किया। डॉ. आरके परदल (वाइस चेयरमैन) ने संगठन के ऐतिहासिक विकास और उसकी प्रेरणाओं पर प्रकाश डाला। किरण पटेल (ब्लॉक रेडक्रॉस सचिव) ने टीम भावना, चुनौतियों और समर्पण की सुंदर व्याख्या की। दाऊलाल चंद्राकर पूर्व सभापति एवं सदस्य ने रेडक्रॉस सदस्यों की सामाजिक जिम्मेदारियों को उजागर करते हुए उन्हें समाज के सच्चे संरक्षक बताया। हेमलता मालिकार ने विद्यार्थियों की भूमिका और मानवीय मूल्यों की अहमियत को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

### भूमिपूजन...



**तेंदूकोना।** ग्राम पंचायत मोंगरापाली स आश्रित ग्राम सराईपाली में विधायक मद से मिनी हाई मास्क लाइट का भूमिपूजन किया गया। सरपंच भूमिका विनय साहू, उपसरपंच ईश्वरी ध्रुव, ग्राम प्रमुख गजानंद ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, कैलाश निषाद, श्यामलाल ठाकुर, गौकर्ण साहू, तुलसी पांडे, लड्डू लाल मिश्रा, समस्त पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ भाजपा नेता टांकसाले के घर पहुंचे निगम अध्यक्ष

## पुराने दिनों की याद ताजा कर पूछा कुशलक्षेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता माधव राव टांकसाले के निवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने टांकसाले के साथ पुराने दिनों की यादें ताजा की।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो अपने कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देता है। आज एक चाय वाला देश का प्रधानमंत्री है। एक संन्यासी योगी उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री है, यह भाजपा के सुशासन के संकल्प के साथ निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पहचान का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बुजुर्ग नेताओं, कार्यकर्ताओं ने अपनी त्याग व समर्पण से पार्टी को सींचकर आज उस मुकाम तक पहुंचाया है, जिससे वह विश्व के सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी बनी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के संघर्षों को प्रणाम करने उनका आशीर्वाद लेने वे नियमित रूप से समय-समय पर वरिष्ठजनों से मिलते रहेंगे।

# शैक्षिक भ्रमण के लिए मानवीय शिक्षा शोध केंद्र पहुंचे परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटेवा



मानवीय शिक्षा शोध केन्द्र तेंदूवाही शैक्षिक भ्रमण में आए परिवारजनों ने बताया कि 33 परिवारों ने एक साथ मिलकर एक जगह में जीने का शुरुआत किया।

इस संबंध में जीवन विद्या शिविर का प्रबोधन कर रहे शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बताया कि परिवार ही प्रमाण का प्रथम आधार है, परिवार शब्द का अर्थ जहां तक मेरे पवित्रता का फैलाव है, जहां मेरा पार लग जाये, जीने की सही समझ मिले,आपस में श्रेष्ठता का सम्मान हो इस बात को साकार करने के लिए मानव जन कल्याण संस्थान के संचालक गुरु प्रसाद बाबा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अपने तन मन धन से 33 परिवारों को साथ लेकर 80 वर्षीय गुरु प्रसाद कबीर आश्रम ने अभिभावक विद्यालय उत्सव पारा सांकरी की स्थापना किए, जो अभिभावक द्वारा संचालित है। बच्चों के अभिभावक ही शिक्षक है। इस अवसर पर अंबा ने सभी को साथ मिलकर लक्ष्य को पाने के लिए धीरता वीरता के साथ जीने की बात कही।

साधन भट्टाचार्य ने परिवार व्यवस्था, माता-पिता और पुत्र-पुत्री संबंध, विवाह संबंध पर सभा का ध्यान आकर्षण कराया। डाक्टर संकेत ठाकुर ने युद्ध,लड़ाई, अपराध के खात्मे के लिए जीवन विद्या के अध्ययन को अनिवार्य बताया। इस अवसर पर उत्सव पारा सांकरी के सभी परिवारजन धनेश साहू, हेम कृतिका, सुरेश नेताम, सुनीता शर्मा, विजय लक्ष्मी, प्रवीण शर्मा, शुक्लांबर रायगढ़ से उपस्थित रहे।

### एनएचएम कर्मचारियों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की मांगों में सविलियन एवं स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन बृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा न्युक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, समय पर नियमित वेतन की भुगतान आदि शामिल है। इस दौरान संघ के महसमुंद जिलाध्यक्ष राम गोपाल खूंटे, देव कुमार डड़सेना आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा समूह की बैठक में राजस्व एवं खेल युवा कल्याण मंत्री हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ शिक्षकों ने विभिन्न मांगों का ज्ञापन मंत्री को सौंपा



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय द्वारा शिक्षा समूह की बैठक पश्चात शासन से शिक्षा, शिक्षार्थी व शिक्षक हित में मांग की है। प्रदेश के 80 प्रतिशत शालाएं प्राचार्य विहीन है। इसी प्रकार प्रधान पाठक व्याख्याता पद पर अविलंब पदोन्नति दी जाए। संगठन की ओर से बताया गया कि शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। लेकिन, संस्था प्रमुख के संबंध में स्पष्ट उल्लेख नहीं है। क्योंकि एक ही शाला में दो संस्था प्रमुख नहीं हो सकते, यह घोर आपत्तिजनक है। संगठन ने कहा कि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए सभी संवर्ग को पहले पदोन्नति दी जाए एवं वर्ष 2008 के सेटअप व वर्ष 2010 के युक्तियुक्तकरण के मार्गदर्शक बिंदुओं को आधार मानकर अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तिकरण करना उचित होगा। सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली ग्रेच्युटी राशि 20 लाख को बढ़ाकर 25 लाख किया जाए। साथ ही 240 दिन के अर्जित अवकाश नगदी करण राशि को बढ़ाकर 300 दिन का किया जाए। पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठकों जिनका 10 वर्ष सेवा पूर्ण हो चुका है, उन्हें समय मान वेतन दी जाए। इसी प्रकार शाला संचालन पूर्ववत 10 से 4 बजे हो एवं शिक्षकों को मोबाइल भत्ता जैसे प्रमुख मांगों को लेकर स्कूल शिक्षा सचिव एवं संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को ज्ञापन सौंप कर शिक्षक हित में निर्णय लेने की बात की गई। उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने बताया कि शिक्षा समूह की बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने शिरकत करते हुए प्रदेश में शिक्षा व शिक्षक हित की बात की। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, प्रांतीय पदाधिकारी भुवनलाल सिन्हा दुर्ग शामिल होते हुए शिक्षा व शिक्षा के विकास में शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की।

उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन बताया कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई द्वारा सेवानिवृत्ति उपरांत सत्र समाप्ति तक शिक्षकों के पुनर्नियुक्ति सहित प्रशासनिक पदों में कनिष्ठ के बजाय वरिष्ठों को नियुक्ति दी जाने की मांग प्रमुखता से की गई है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का शिक्षा समूह में प्रतिनिधित्व एवं प्रमुख मांगों के लिए महामंत्री मनोज राय, कोषाध्यक्ष गया राम राजवाड़े सहित प्रांतीय पदाधिकारी ने शुभकामनाएं देते हुए शासन से मांग की है कि उक्त सभी मांगों को पूर्ण कर शिक्षक हित में निर्णय ली जाए।